राष्ट्रीय आवास बैंक
NATIONAL HOUSING BANK

# राष्ट्रीय आवास बैंक

कोर 5–ए, तीसरी – पांचवी मंजिल, भारत पर्यावास केन्द्र, लोधी रोड, नई दिल्ली –110003

## राष्ट्रीय आवास बैंक में कार्यपालक निदेशक (विशेष ग्रेड) की भर्ती
## सीधी भर्ती / प्रतिनियुक्ति आधार पर

राष्ट्रीय आवास बैंक आवास के लिए देश का एक शीर्ष वित्तीय संस्थान है। इसकी स्थापना संसद के एक अधिनियम के तहत की गई है। बैंक आवास वित्त कंपनियों का विनियामक और पर्यवेक्षक होने के साथ–साथ विकास वित्त का एक महत्वपूर्ण प्रदाता भी है। बैंक का प्रधान कार्यालय दिल्ली में है।

बैंक रा.आ.बैंक में कार्यपालक निदेशक (विशेष ग्रेड) की भर्ती करना चाहता है। इच्छुक उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि इस विज्ञापन में दिए सभी निर्देशों को सावधानीपूर्वक पढ़ने और पात्रता मापदंड के संबंध में स्वयं को संतुष्ट करने के बाद ही (बैंक की वेबसाइट www.nhb.org में उपलब्ध) निर्धारित प्रारूप में दिनांक 01.03.2019 से 28.03.2019 तक आवेदन कर सकते हैं। किसी भी अन्य प्रकार के माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

| महत्पूर्ण तिथियां | |
|---|---|
| आवेदन प्रारम्भ होने की तिथि | 01.03.2019 |
| आवेदन बंद होने की तिथि | 28.03.2019 |
| साक्षात्कार की तिथि | साक्षात्कार की तिथि आवेदकों को शीघ्र ही अलग से बतायी जाएगी। |

| पद नाम<br>वेतनमान<br>(प्रारंभिक वेतनमान) | रिक्तियों की संख्या |
|---|---|
| कार्यपालक निदेशक (विशेष ग्रेड)*<br>1,76,800 रू.– 2,24,400 रू.<br>चयन होने पर, उम्मीदवार को 1,76,800 रू. के प्रारंभिक स्केल में रखा जाएगा | 1 (अनारक्षित) |

** यह रिक्ति बोर्ड स्तर की रिक्ति नहीं है। हालांकि, भत्ते एवं अन्य सुविधाएं राष्ट्रीयकृत बैंक के कार्यपालक निदेशक पर लागू भत्ते एवं अन्य सुविधाएं के अनुसार देय होगी। हालांकि, राष्ट्रीयकृत बैंकों के पूर्णकालिक निदेशकों के लिए लागू परफॉरमेंस लिंक्ड इंसेंटिव इस पद के लिए लागू नहीं है।*

बैंक के पास किसी भी आधार पर किसी भी आवेदन को स्वीकार या अस्वीकार करने के साथ–साथ इस विज्ञापन को पूर्णतः या आंशिक तौर पर निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

चयन का माध्यम साक्षात्कार होगा।

**पात्रता मानदंड**

**1. आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि अर्थात यथा 28.03.2019 के अनुसार सामान्य पात्रता मानदंडः**

| | |
|---|---|
| **आयु** | सेवानिवृत्ति की आयु 60 वर्ष है।<br>**सीधी भर्ती हेतु:** आवेदनों की प्राप्ति की अंतिम तिथि के अनुसार बैंक में कार्यपालक निदेशक (विशेष ग्रेड) के पद हेतु आवेदन करने वाले उम्मीदवारों की न्यूनतम आयु 45 वर्ष होनी चाहिए और सेवानिवृत्ति की तिथि के संबंध में न्यूनतम शेष सेवा 05 वर्ष की होनी चाहिए।<br>**आंतरिक उम्मीदवारों हेतु:** आवेदनों की प्राप्ति की अंतिम तिथि के अनुसार बैंक में कार्यपालक निदेशक (विशेष ग्रेड) के पद हेतु आवेदन करने वाले उम्मीदवारों की न्यूनतम आयु 45 वर्ष होनी चाहिए और सेवानिवृत्ति की तिथि के संबंध में न्यूनतम शेष सेवा 03 वर्ष की होनी चाहिए।<br>**प्रतिनियुक्ति हेतु:** आवेदनों की प्राप्ति की अंतिम तिथि के अनुसार बैंक में प्रतिनियुक्ति पर कार्यपालक निदेशक (विशेष ग्रेड) के पद हेतु आवेदन करने वाले उम्मीदवारों की न्यूनतम आयु 45 वर्ष होनी चाहिए और सेवानिवृत्ति की तिथि के संबंध में न्यूनतम शेष सेवा 05 वर्ष की होनी चाहिए। |

**2. आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि अर्थात यथा 28.03.2019 के अनुसार न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता और अनुभव**

| पद | कार्यपालक निदेशक (विशेष ग्रेड) |
|---|---|
| **शैक्षणिक योग्यता** | **सीधी भर्ती:**<br>ऐसे उम्मीदवार जो रा.आ.बैंक में कार्यपालक निदेशक (विशेष ग्रेड) के पद हेतु आवेदन करने के पात्र हैं उनके पास स्नातक डिग्री होनी चाहिए। एमबीए (पूर्ण कालिक)– वित्त / वित्त में विशेषज्ञता के साथ व्यवसाय प्रशासन में स्नातकोत्तर डिग्री या डिप्लोमा, अर्थशास्त्र, सांख्यिकी और वाणिज्य में स्नातकोत्तर डिग्री को प्राथमिकता दी जाएगी।<br>**प्रतिनियुक्ति:**<br>प्रतिनियुक्ति आधार पर आवेदन करने वाले उम्मीदवारों हेतु शैक्षणिक योग्यता उपरोक्त अनुसार ही होगी। |
| **अनुभव** | **सीधी भर्ती:**<br>**(क)** भारत के वित्तीय क्षेत्र के अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों / सार्वजनिक क्षेत्र के वित्तीय संस्थानों / सार्वजनिक क्षेत्र के संगठनों एवं भारत के विनियामक निकायों में विभिन्न कार्यक्षेत्रों में आवेदनों की प्राप्ति की अंतिम तिथि के अनुसार न्यूनतम 20 वर्षों का अनुभव, जिसमें से क्रेडिट / जोखिम प्रबंधन / विनियमन या पर्यवेक्षण में प्रासंगिक अनुभव वांछनीय होगा।<br>**(ख)** इन 20 वर्षों में से कम से कम 2 वर्षों का अनुभव बोर्ड स्तर से नीचे के एक या दो पदों का होना चाहिए।<br>** उम्मीदवारों को अपने अनुभव के समर्थन में संगठनों, विभागों के नाम, अवधि एवं किस प्रकार के कार्य किए हैं, इसे स्पष्ट करने की जरूरत है।*<br>**प्रतिनियुक्ति:**<br>(i) बैंक भारत सरकार में निदेशक या उसके ऊपर या राज्य सरकार में इसके समकक्ष स्तर पर सेवा देने वाले अधिकारियों पर विचार कर सकता है। आवास / अवसंरचना / वित्त के क्षेत्र में अनुभव को वांछनीय माना जाएगा।<br>(ii) बैंक भारत के वित्तीय क्षेत्र के अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों / सार्वजनिक क्षेत्र के वित्तीय संस्थानों / सार्वजनिक क्षेत्र के संगठनों एवं भारत के विनियामक निकायों के उन अधिकारियों के प्रतिनियुक्ति पर भी विचार कर सकता है जिनके पास सीधी भर्ती हेतु निर्धारित योग्यता एवं अनुभव है।<br>**(iii) प्रतिनियुक्ति की अवधिः** प्रतिनियुक्ति की अवधि 3 वर्ष की होगी जोकि वार्षिक कार्य–निष्पादन समीक्षा के अधीन है। इसे कार्य निष्पादन के आधार पर और बैंक की जरूरत के अनुसार अगले 2 वर्षों हेतु बढ़ाया जा सकता है। |

<u>अन्य महत्वपूर्ण पात्रता मानदंड</u>

✓ दिनांक 21.12.2017 के विज्ञापन के तहत कार्यपालक निदेशक की भर्ती प्रक्रिया रद्द कर दी गई है। इच्छुक उम्मीदवार जिन्होंने पूर्व में कथोक्त विज्ञापन के आधार पर आवेदन किया था, यदि वे इस विज्ञापन के अंतर्गत मानदंड को पूरा करते हैं तो उन्हें दोबारा आवेदन करना होगा।

✓ उम्मीदवारों के पास निम्न होना / होनी चाहिए:
- टीमों के निर्माण एवं उन्हें प्रेरित करने हेतु नेतृत्व, प्रबंधन एवं नवोन्मेषी कौशलों की प्रमाणित पिछली उपलब्धियां
- वित्तीय, बैंकिंग एवं सेवा क्षेत्र में संस्थागत विकास का अनुभव
- पुनर्वित्त, कॉरपोरेट वित्त, ट्रेजरी परिचालन, संसाधन संग्रहण, जोखिम प्रबंधन, सूचना प्रौद्योगिकी आदि में पर्याप्त ज्ञान एवं अनुभव।
- बेहतरीन संप्रेषण कौशल।

**3. चयन प्रक्रियाः**

<u>चयन शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवार के व्यक्तिगत साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा</u>

1. पात्रता मानदंड को पूरा करने मात्र से कोई उम्मीदवार स्वतः ही साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने के लिए पात्र नहीं होगा। उम्मीदवारों की योग्यता, उपयुक्तता, अनुभव आदि के संदर्भ के साथ प्रारंभिक स्क्रीनिंग / सूची से चयन के बाद साक्षात्कार हेतु अपेक्षित संख्या में उम्मीदवारों को बुलाने का अधिकार बैंक के पास है।
2. **साक्षात्कारः** केवल सूची से चयनित उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। साक्षात्कार में अर्हता अंक बैंक द्वारा तय किए जाएंगे।
3. **योग्यता क्रम सूचीः** योग्यता क्रम सूची केवल साक्षात्कार में प्राप्त अंक के आधार पर घटते हुए क्रम में तैयार की जाएगी। यदि एक से अधिक उम्मीदवार समान अंक प्राप्त करते हैं तो ऐसे उम्मीदवारों को चयन सूची के साथ–साथ प्रतीक्षा सूची दोनों में उनके आयु के अनुसार घटते क्रम में रैंक किया जाएगा।

**4. आवेदन कैसे करें:**

उम्मीदवार Opportunities@NHB सेक्शन के अंतर्गत बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध आवेदन प्रपत्र भरें और आवेदन प्रपत्र में प्रस्तुत किए गए सभी प्रमाण पत्रों के संबंध में सभी संबंधित दस्तावेजों को संलग्न करें। सभी संलग्नक उम्मीदावारों द्वारा स्व–प्रमाणित होने चाहिए और उम्मीदवार के हस्ताक्षर सहित नवीनतम पासपोर्ट साइज छायाप्रति (क्रॉस हस्ताक्षरित) आवेदन प्रपत्र में चिपके होने चाहिए। विधिवत भरे आवेदन प्रपत्र सभी संलग्नकों के साथ निम्नलिखित पते पर भेजें और उम्मीदवार द्वारा यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि आवेदन प्रपत्र बैंक को अधिकतम 28.03.2019 को शाम 5:00 बजे तक प्राप्त हो जानी चाहिए, इसमें असफल होने पर इस पर विचार नहीं किया जाएगा और बैंक द्वारा इस संबंध में किसी भी प्रकार के पत्राचार को स्वीकार नहीं किया जाएगाः

**महाप्रबंधक**
**मानव संसाधन विभाग**
**राष्ट्रीय आवास बैंक**
**चौथी मंजिल, कोर – 5 ए**
**भारत पर्यावास केन्द्र**
**लोधी रोड, नई दिल्ली –110003**

उम्मीदवार सुनिश्चित करें कि आवदेन प्रपत्र में उनके द्वारा दी गई ईमेल आईडी और मोबाइल नम्बर सही हों और उनमें कोई गलती न हो। यह उन्हें ईमेल / फोन द्वारा बुलावा पत्र / साक्षात्कार पत्र आदि प्राप्त करने में मदद करेगा।

**महत्वपूर्ण सूचनाः**

i) उम्मीदवार आवेदन किए गए पद हेतु अपने पात्र होने के बारे में स्वयं संतुष्ट होने चाहिए।

ii) चयन होने पर उम्मीदवार को पदभार ग्रहण करते समय नियोक्ता से उचित मूल सेवा मुक्ति प्रमाणपत्र लेना होगा।

iii) यदि नियुक्ति के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि उम्मीदवार पात्रता मानदंड को पूरा नहीं करता है और / या उन्होंने कोई गलत जानकारी प्रस्तुत की है या किसी भौतिक तथ्य को छिपाया है तो उनकी उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी। यदि इनमें से कोई त्रुटि नियुक्ति के बाद भी पता चलती है तो उनकी सेवा को समाप्त किया जा सकता है।

iv) पात्रता, सूची चयन, साक्षात्कार का आयोजन और चयन से संबंधित सभी मामले में बैंक का निर्णय अंतिम होगा और सभी उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होगा। इस संबंध में बैंक द्वारा किसी भी प्रतिनिधित्व या पत्राचार को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

v) साक्षात्कार के लिए आमंत्रित उम्मीदवारों को हवाई किराया (इकॉनोमी) या अन्य माध्यम से यात्रा करने पर मूल व्यय, जो भी भारत में सबसे छोटे मार्ग के द्वारा कम होगा, उसका भुगतान किया जाएगा।

vi) इस विज्ञापन और / या आवेदन से उभरने वाले दावे के जबाव में या विवाद के मामले में कोई भी कानूनी कार्रवाई केवल नई दिल्ली में की जा सकती है और किसी भी मामले / विवाद पर कार्रवाई केवल नई दिल्ली के न्यायालय / प्राधिकरण / फोरम के न्यायाधिकार क्षेत्र में ही होगी।

Size 25X38 cm

राष्ट्रीय आवास बैंक
NATIONAL HOUSING BANK

# राष्ट्रीय आवास बैंक

कोर 5–ए, तीसरी – पांचवी मंजिल, भारत पर्यावास केन्द्र, लोधी रोड, नई दिल्ली –110003

## सामान्य निर्देश

### (कृपया आवेदन पत्र भरने से पूर्व निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें)

1. आवेदन पत्र भरने से पूर्व, उम्मीदवारों को सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वे जिस पद के लिये आवेदन कर रहे/रही हैं उसके लिये आयु, शैक्षणिक अर्हता, कार्य अनुभव आदि के बारे में सभी पात्रता मानदंड यथा दिनांक 28.03.2019 को पूरे करते/करती हैं और आवेदन पत्र में दिये गये सभी ब्यौरे हर प्रकार से सही हैं। यदि किसी चरण में यह पाया गया कि कोई उम्मीदवार किसी पात्रता मानदंड को पूरा नहीं करता/करती है, और/या उसने कोई गलत जानकारी दी है या उसने किसी तथ्य/तथ्यों को छिपाया है, तो उसकी उम्मीदवारी समाप्त हो जाएगी। यदि ऐसी कोई त्रुटि उसकी नियुक्ति के बाद भी पायी जाती है तबभी उनकी सेवाएं समाप्त कर दी जाएंगी।

2. उम्मीदवार की पात्रता की जांच जिन चरणों में की जानी है, साक्षात्कार, चयन आदि के उद्देश्य से प्रस्तुत किये दस्तावेजों के सभी मामलों तथा भर्ती से संबंधित अन्य किसी मामले में बैंक का निर्णय अंतिम होगा और उम्मीदवारों पर बाध्यकारी होगा। इस मामले में बैंक द्वारा किसी पत्राचार या निजी पूछताछ पर कार्रवाई नहीं की जाएगी। बैंक द्वारा चयन प्रक्रिया की अंक–तालिका उम्मीदवारों को नहीं दी जाएगी।

3. आवेदन प्रस्तुत करने के बाद वापस लेने की अनुमति नहीं होगी।

4. यथा विधिवत् भरे आवेदन पत्र की प्रति सभी संलग्नकों सहित जैसे सभी संबंधित मूल दस्तावेज उम्मीदवारों द्वारा साक्षात्कार स्थल पर साथ लाए जाएं।

5. पासपोर्ट साइज का नया रंगीन फोटोग्राफ (गहरे रंग के चश्मे के बिना) आवेदन पत्र पर निर्धारित स्थान पर अच्छे से चिपकाएं और उम्मीदवार उस पर पार तक हस्ताक्षर करें। इस फोटोग्राफ की पर्याप्त प्रतियां साक्षात्कार के समय प्रयोग के लिये रखनी चाहिए।

6. चयनित उम्मीदवारों को जो सरकारी सेवा/ अर्ध सरकारी संगठनों, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों/उपक्रमों में सेवारत हों, ड्यूटी के लिये रिपोर्ट करते समय अपने वर्तमान नियोक्ता से **'उचित सेवा–मुक्ति पत्र, मूल प्रति'** प्रस्तुत करनी होगी, अन्यथा उन्हें ड्यूटी के लिये रिपोर्ट करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। अतएव, जो उम्मीदवार, सरकारी सेवा/ अर्ध सरकारी संगठनों, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों/ उपक्रमों में सेवारत हों, उन्हें रा.आ. बैंक में आवेदन करने से पूर्व नियमों/ विनियमों के अनुसार अपने वर्तमान नियोक्ता से पूर्व अनुमति/ अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना होगा।

7. **प्रतिनियुक्ति के लिये :**

   (i) **प्रक्रिया :** प्रतिनियुक्ति के लिये आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के आवेदन उचित माध्यम से भेजे जाने चाहिए और उनके साथ पिछले तीन वर्षों की 'कार्य–निष्पादकता मूल्यांकन रिपोर्ट' संलग्न हो।

   (ii) **प्रतिनियुक्ति की अवधि :** प्रतिनियुक्ति की अवधि 3 वर्ष होगी, किंतु वार्षिक निष्पादकता की समीक्षा की जाएगी। इस अवधि को अगले 2 वर्ष तक निष्पादकता के आधार पर बढ़ाया जा सकता है।

8. केवल वे उम्मीदवार ही आवेदन करें जो देश में कहीं भी सेवा करने के इच्छुक हों।

9. साक्षात्कार के लिये पता बदलने/ सेंटर बदलने के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

10. खुली भर्ती या प्रतिनियुक्ति के आधार पर आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को अपने आवेदन उचित माध्यम से भेजने होंगे अन्यथा उन आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। केन्द्रीय स्टाफिंग योजना के तहत कार्यरत उम्मीदवारों को डीओपीटी (कैडर नियंत्रक प्राधिकरण) से अनापत्ति प्रमाण पत्र भी लेना होगा।

11. बैंक को कोई भी आवेदन पत्र/ उम्मीदवारिता बिना कोई कारण बताए अस्वीकार करने का अधिकार होगा और बैंक का निर्णय अंतिम होगा।

12. यदि अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा की व्याख्या में कोई विवाद होता है तो अंग्रेजी विज्ञापन को अंतिम माना जाएगा।

13. इस विज्ञापन से उठा कोई भी विवाद केवल दिल्ली स्थित न्यायालय के क्षेत्रान्तर्गत होगा।

14. चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति बैंक चिकित्सा अधिकारी द्वारा स्वस्थ घोषित करने, पुलिस प्राधिकारियों द्वारा उनके चरित्र एवं पूर्ववृत्त की संतोषजनक रिपोर्ट होने, उनके पूर्व नियोक्ता और संदर्भितों से उसकी संतोषजनक रिपोर्ट मिलने, जाति/ जनजाति एवं वर्ग प्रमाणपत्र का सत्यापन होने (केवल आरक्षित श्रेणियों के उम्मीदवारों के लिये) और भर्ती पूर्व की सभी औपचारिकताओं को बैंक की पूर्ण संतुष्टि के अनुसार होने पर ही की जाएगी। इनके अतिरिक्त, ये नियुक्तियां बैंक के सेवा एवं आचरण नियमों के अधीन भी होंगी।

**15. पहचान सत्यापन**

साक्षात्कार के समय, आमंत्रण पत्र के साथ उम्मीदवार की फोटो की मूल प्रति और एक फोटोकॉपी वर्तमान वैध फोटो पहचान जैसे पैन कार्ड/पासपोर्ट/ड्राइविंग लाइसेंस/वोटर कार्ड/बैंक पासबुक फोटोग्राफ सहित/ राजपत्रित अधिकारी द्वारा लेटरहेड पर जारी फोटो पहचान साक्ष्य/जनप्रतिनिधि द्वारा लेटरहेड पर जारी फोटो पहचान साक्ष्य/फोटोग्राफ सहित आधार कार्ड/कर्मचारी पहचान पत्र/बार काउंसिल फोटो पहचान पत्र सत्यापन के लिये प्रस्तुत करना होगा। उम्मीदवार की पहचान का सत्यापन उनके कॉल लेटर, उपस्थिति सूची और प्रस्तुत अपेक्षित दस्तावेजों से किया जाएगा। यदि उम्मीदवार की पहचान संदिग्ध पाई गई तो उसे साक्षात्कार में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

**टिप्पणी :** उम्मीदवारों को साक्षात्कार में शामिल होते समय मूल फोटो पहचान प्रूफ और उस फोटो पहचान प्रूफ की फोटोप्रति प्रस्तुत करनी होगी, अन्यथा उन्हें साक्षात्कार में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उम्मीदवारों को ध्यान रखना चाहिए कि कॉल लेटर पर उल्लिखित नाम (जो पंजीकरण के समय दिया गया) फोटो पहचान प्रूफ पर दिये नाम के पूर्णतया समान होना चाहिए। महिला उम्मीदवारों जिन्होंने विवाह के बाद अपना पहला/अंतिम/मध्य नाम बदल लिया हो, को इस ओर विशेष ध्यान देना चाहिए। यदि कॉल लेटर और उम्मीदवार के फोटो पहचान प्रूफ में दिये नाम के बीच कोई भी भिन्नता हुई तो उसे साक्षात्कार में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यदि उम्मीदवारों ने जिन्होंने अपना नाम बदल लिया हो, उन्हें राजपत्र अधिसूचना/अपना विवाह प्रमाण पत्र और हलफनामा प्रस्तुत करने पर ही साक्षात्कार में शामिल होने की अनुमति दी जाएगी।

**16. अन्य शर्तें**

(क) भर्ती संबंधित सभी मामलों में राष्ट्रीय आवास बैंक का निर्णय अंतिम होगा और उम्मीदवार पर बाध्यकारी होगा। बैंक द्वारा इस विषय में कोई भी पत्राचार या निजी पूछताछ पर कार्रवाई नहीं की जाएगी।

(ख) उम्मीदवार को चयन प्रक्रिया के दौरान किसी चरण में गलत सूचना देने और/या प्रक्रिया का उल्लंघन करने का दोषी पाया गया तो उस उम्मीदवार को चयन प्रक्रिया के अयोग्य कर दिया जाएगा और वह बैंक द्वारा भविष्य में होने वाली किसी अन्य भर्ती प्रक्रिया में भी शामिल नहीं हो सकेगा। यदि ऐसी किसी घटना की जानकारी वर्तमान चयन प्रक्रिया के दौरान नहीं हो सकी किंतु बाद में ज्ञात हुई जो वह अयोग्यता पिछली तारीख से प्रभावी होगी।

XXXX

Size 25X38 cm